जोन में एक पूछताछ कार्यालय की स्थापना कर दी गई है। कालोनी परिसर में नियमित रूप से सफाई भी की जाती है जिसके लिए पर्याप्त कर्मचारियों की व्यवस्था की गई है।

(ख) कालोनी मे बिजली, पानी की सप्लाई तथा सफाई की समुचित व्यवस्था है।

(ग) इस कालोनी मे मनोरंजन क्लब, हस्तकला केन्द्र तथा बच्चो के खेलने के सात पार्कों की व्यवस्था की गई है। किन्तु यहा, पुस्तकालय की सुविधाएँ उपलब्ध नही है।

रेलवे क्वार्टर की सुविधा लेने वाले कर्मचारियों की श्रेणियां

2068. **श्री शिव नारायण सरसूनिया :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) उत्तर रेलवे मे रनिंग स्टाफ मे कर्मचारियो की कौन-कौन सी श्रेणिया आती हैं,

(ख) क्या रनिंग स्टाफ को, अपने निजी मकान होने के बावजूद, रेलवे क्वार्टरो की अलाटमेंट की सुविधा दी जाती है, और

(ग) रनिंग स्टाफ के अतिरिक्त अन्य किन-किन श्रेणियो के कर्मचारियो को उक्त सुविधा उपलब्ध है ?

रेल मंत्री (प्रो० मधु दण्डवते) · (क) कर्मचारियो की निम्नलिखित कोटियो को रनिंग कर्मचारी माना जाता है —

लोको :

(i) ड्राइवर (इसमे मोटरमैन और रेल मोटर ड्राइवर शामिल है)

(ii) शंटर

(iii) फायरमैन (इसमें विद्युतीकृत खण्डों पर इंस्ट्रक्टिंग फायरमैन और सहायक ड्राइवर तथा डीजल इंजनों पर ड्राइवरों के सहायक शामिल हैं)

यातायात :

(i) गार्ड

(ii) ब्रेक्समैन।

(ख) जी हा, गार्ड की कोटि को छोडकर। उन्हे यह लाभ दिए जाने के प्रश्न पर निर्माण एव आवास मंत्रालय द्वारा विचार किया जा रहा है।

(ग) इस सुविधा का लाभ उठाने वाले अराजपत्रित कर्मचारियो की कोटियो का पूर्ण विवरण। सभा पटल पर रखा गया है। [ग्रन्थालय मे रखा गया। देखिए सख्या LT-545/77]

दिल्ली किशनगंज स्थित रेलवे स्वास्थ्य केन्द्र में अन्तरंग बिस्तर और विशेषज्ञ

2069. **श्री शिवनारायण सरसूनिया :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या दिल्ली किशनगंज रेलवे कालोनी स्थित रेलवे स्वास्थ्य केन्द्र मे इसके बावजूद कि यह कालोनी एशिया मे सबसे बड़ी कालोनी है, अतरंग बिस्तरो तथा विशेषज्ञो की व्यवस्था नहीं है,

(ख) क्या इस कालोनी के लिए दिल्ली मेन अस्पताल मे बिस्तरो की व्यवस्था थी और अब इस सुविधा को समाप्त कर दिया गया है, और

(ग) क्या इस कालोनी मे स्वास्थ्य केन्द्र का विस्तार किया जा रहा है और यदि हा, तो कब तक तथा विस्तार का ब्यौरा क्या है ?